भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3078

09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

कर्नाटक में रक्षा विभाग के स्वामित्व वाली भूमि

3078. कुमारी प्रियंका सतीश जर्कीहोली :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्नाटक राज्य के बेलगावी शहर में 754 एकड़ भूमि अर्थात सर्वेक्षण संख्या 1304, 1305, 1306, 1307, 1324, 1327, 1327ए, 1328, 1329, 1330, 1331, 1332, 1333, 1334, 1335 एवं 1336 रक्षा विभाग के कब्जे में है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त भूमि कर्नाटक सरकार या केंद्र सरकार की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या भूमि कर्नाटक सरकार की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(**ड.**) भूमि कब तक कर्नाटक सरकार को सौंपे जाने की संभावना है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ग) : रक्षा संपदा महानिदेशालय के पास उपलब्ध रिकार्डों के अनुसार, बेलगावी में राजस्व सर्वेक्षण संख्या 1304 से 1307, 1324, 1327, 1327ए, 1328 से 1350 एवं 1397 की 754.82 एकड़ भूमि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की है। इसमें से, रक्षा मंत्रालय द्वारा सर्वेक्षण संख्या 1324, 1329, 1330, 1348 एवं 1349 की 13.625 एकड़ भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 04 को जाने वाली एक डायवर्जन सड़क के निर्माण के लिए दिनांक 23.01.1978 को कर्नाटक राज्य सरकार को हस्तांतरित की गई है। इसके अलावा, सर्वेक्षण संख्या 1324 एवं

1329 की 20 एकड़ माप की भूमि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को दिनांक 14.09.1984 को हस्तांतरित की गई है। इसलिए, 721.195 एकड़ माप की रक्षा भूमि रक्षा विभाग के कब्जे में है।

(घ) : जी, नहीं। बेलगावी में 721.195 एकड़ माप की भूमि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की है।

(ड.) : उपर्युक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

*****